# उत्तर प्रदेश प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि प्रबन्धन और योजना प्राधिकरण (उ0प्र0 कैम्पा) कार्यपालक समिति की दिनांक 18.01.2022 को आयोजित सातवीं बैठक का कार्यवृत्त

उत्तर प्रदेश कैम्पा कार्यपालक समिति की सातवीं बैठक दिनांक 18.01.2022 को पूर्वान्ह्न 11.30 बजे प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश/अध्यक्ष, कार्यपालक समिति, उ0प्र0 कैम्पा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में भाग लेने वाले कार्यपालक समिति के सदस्यों की सूची संलग्न है **(संलग्नक–1)**।

सर्वप्रथम, सदस्य सचिव, कार्यपालक समिति, उ0प्र0 कैम्पा द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यपालक समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक का शुभारम्भ किया गया।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से नियमित एजेंडा बिन्दुओं पर विचार–विमर्श के उपरान्त समिति द्वारा निम्नानुसार निर्णय लिए गए:–

**एजेण्डा बिन्दु–1 :– उत्तर प्रदेश कैम्पा कार्यपालक समिति की छठवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि किया जाना।**

समिति द्वारा उ0प्र0 कैम्पा कार्यपालक समिति की छठवीं बैठक दिनॉक 31.08.2021 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

समिति, गत् बैठकों में दिये गये निर्देशों (कार्यवृत्त) के अनुपालन की स्थिति से अवगत हुई तथा निम्नानुसार निर्देश निर्गत किये गये:–

1. मुख्य वन संरक्षक, बुन्देलखण्ड जोन, झॉसी द्वारा "Conducting studies from reputed University/ Organization/ Institutes in the field of socio economic ecological impact of soil and moisture conservation works." विषय पर केन्द्रीय कृषि वानिकी अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर रोड, झांसी के माध्यम से कराये गये अध्ययन कार्यक्रम की अन्तिम रिपोर्ट समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी। समिति द्वारा उ0प्र0 कैम्पा के तहत कराये गये Soil and Moisture Conservation कार्यों की सराहना की गई। इस सम्बन्ध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश/अध्यक्ष, कार्यपालक समिति, उ0प्र0 कैम्पा द्वारा यह निर्देश दिये गये कि उक्त प्रस्तुत रिपोर्ट में केन्द्रीय कृषि वानिकी अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर रोड, झांसी द्वारा जो संस्तुति दी गयी हैं, उनका अनुपालन उ0प्र0 कैम्पा द्वारा भविष्य में कराये जाने वाले मृदा एवं जल संरक्षण सम्बन्धी कार्यों में सुनिश्चित किया जाये।

   भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून से "Conducting studies from reputed University/ Organization/ Institutes on causes and remedies of man animal conflict." विषय पर कराये गये अध्ययन कार्यक्रम के सम्बन्ध में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रोजेक्ट टाईगर द्वारा यह अवगत कराया गया कि अध्ययन कार्यक्रम की अन्तिम रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जो कि जुलाई, 2022 तक प्राप्त होना सम्भावित है।

   फारेस्ट सर्वे ऑफ इण्डिया, कौलागढ़ रोड, देहरादून से "Conducting studies from reputed University/ Organization/Institutes regarding impact of plantations on ecological parameters." के अन्तर्गत वन क्षेत्र के बाहर काष्ठ आधारित उद्योगों हेतु काष्ठ आकंलन विषय पर कराये जा रहे अध्ययन कार्यक्रम के सम्बन्ध में अपर प्रमुख वन संरक्षक/सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय समिति, काष्ठ आधारित उद्योग, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा यह अवगत कराया गया कि अध्ययन कार्यक्रम की अन्तिम रिपोर्ट फारेस्ट सर्वे ऑफ इण्डिया, कौलागढ़ रोड, देहरादून द्वारा तैयार की जा रही है, अन्तिम रिपोर्ट प्राप्त होते ही समिति के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी।

   वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून "Invasion Mapping of Prosopis juliflora and Lantana camara, Strategy for Invasion Eradication and Restoration of Degraded Forests in Uttar Pradesh." विषय पर कराये जा रहे अध्ययन कार्यक्रम के सम्बन्ध में मुख्य वन संरक्षक, संयुक्त वन प्रबन्ध, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा यह अवगत कराया गया कि वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून द्वारा रिपोर्ट तैयार किये जाने के सम्बन्ध में फील्ड विजिट की जा रही है। अध्ययन कार्यक्रम की अन्तिम रिपोर्ट प्राप्त होते ही समिति के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी।

20/1

उक्त के सम्बन्ध में समिति द्वारा यह निर्देश दिया गया कि उक्त अध्ययन कार्यक्रमों की अन्तिम रिपोर्ट सम्बन्धित संस्था से यथाशीघ्र प्राप्त कर सम्बन्धित नोडल अधिकारी द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाये।

2. उ0प्र0 कैम्पा द्वारा कराये जा रहे वृक्षारोपणों, जिन हेतु 7 से 10 वर्ष अनुरक्षण दिया जा रहा है, के सफलता मानकों के निर्धारण हेतु गठित समिति की अंतिम रिपोर्ट अभी तक प्राप्त न होने की दशा में प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश, लखनऊ/अध्यक्ष, उ0प्र0 कैम्पा, कार्यपालक समिति अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए यह निर्देश दिये गये कि उक्त वांछित अन्तिम रिपोर्ट एक माह के अन्दर प्रस्तुत की जाये।

3. उ0प्र0 कैम्पा योजना के अन्तर्गत कतिपय कारणों से असफल क्षतिपूरक वृक्षारोपण के सम्बन्ध में मुख्य वन संरक्षक, रूहेलखण्ड जोन, बरेली एवं मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव पूर्वी, गोण्डा द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिस पर समिति द्वारा यह निर्देश दिये गये कि उ0प्र0 कैम्पा के अन्तर्गत विभिन्न वार्षिक प्रचालन योजनाओं के अधीन कराये गये क्षतिपूरक वृक्षारोपणों की प्रत्येक दशा में सफलता सुनिश्चित की जाय।

4. उ0प्र0 कैम्पा कार्यपालक समिति के सदस्यगणों हेतु कैम्पा योजना के अन्तर्गत उ0प्र0 तथा अन्य राज्यों मे कराये गये/कराये जा रहे कार्यो के अवलोकन के लिए भम्रण कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उ0प्र0 कैम्पा द्वारा अवगत कराया गया कि उ0प्र0 कैम्पा कार्यपालक समिति के सदस्यगणों से दिनांक 08.12.2021 से 10.12.2021 तक बुन्देलखण्ड जोन, झांसी के अन्तर्गत चित्रकूट, बांदा, महोबा एवं हमीरपुर वन प्रभागों में कैम्पा योजना अन्तर्गत कराये गये कार्यों का अवलोकन किये जाने हेतु भ्रमण कार्यक्रम में प्रतिभाग किये जाने का अनुरोध किया गया था, जिसमें समिति के सदस्यों द्वारा कतिपय कारणोंवश प्रतिभाग नहीं किया गया। इस पर समिति द्वारा यह निर्देश दिये गये कि भविष्य में उ0प्र0 कैम्पा कार्यपालक समिति के सदस्यगणों हेतु कैम्पा योजना के अन्तर्गत उ0प्र0 तथा अन्य राज्यों मे कराये गये/कराये जा रहे कार्यो के अवलोकन के लिए भम्रण कार्यक्रम आयोजित किये जायें, जिसकी सूचना ससमय समिति के सदस्यों को ई–मेल के माध्यम से अवगत कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**एजेण्डा बिन्दु–2 :– उत्तर प्रदेश कैम्पा की वर्ष 2021–22 की वार्षिक प्रचालन योजना के सापेक्ष प्रगति सूचना से समिति को अवगत कराया जाना।**

उ0प्र0 कैम्पा कार्यपालक समिति वर्ष 2021–22 की वार्षिक प्रचालन योजना की प्रगति से अवगत हुयी।

**एजेण्डा बिन्दु–3:– उत्तर प्रदेश कैम्पा की वर्ष 2022–23 की वार्षिक प्रचालन योजना के निरूपण के सम्बन्ध में प्राप्त प्रस्तावों से समिति को अवगत कराया जाना।**

समिति, उत्तर प्रदेश कैम्पा की वर्ष 2022–23 की वार्षिक प्रचालन योजना के निरूपण हेतु प्रभागों/कार्यालयों से प्राप्त प्रस्तावों से अवगत हुयी।

उक्त के सम्बन्ध में समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निम्नानुसार मत स्थिर किया गया :–

1. वर्ष 2022–23 की वार्षिक प्रचालन योजना के अन्तर्गत एन0पी0वी0 मद के अधीन "Improvement of Wildlife Habitat/Bio-diversity Conservation" हेतु धनराशि रू0 6500.00 लाख के आउटले का अनुमोदन प्रदान किया गया, जिस हेतु विस्तृत प्रस्ताव प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उ0प्र0, लखनऊ से विलम्बतम् दिनॉक 30.01.2022 तक प्राप्त कर लिया जाये।

2. प्रर्वतन कार्य हेतु प्राविधानित धनराशि के अन्तर्गत 40 प्रतिशत धनराशि वन्यजीव से सम्बन्धित प्रभागों हेतु प्रस्तावित की जाये।

3. Soil and moisture conservation works, fire protection/management equipments एवं Construction of quarters for frontline staff मदों में वन्यजीव प्रभागों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर समुचित प्राविधान सम्मिलित किया जाये।

4. वन एवं वन्यजीव सुरक्षा के प्रभावी प्रबन्धन की दृष्टि से पेट्रोलिंग कार्य हेतु दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों का क्रय वार्षिक प्रचालन योजना में सम्मिलित किया जाये।

20/1

5. वर्ष 2022–23 की वार्षिक प्रचालन योजना हेतु कुल धनराशि रू0 60500.00 लाख के आउटले का अनुमोदन प्रदान किया गया।

6. वर्ष 2022–23 की वार्षिक प्रचालन योजना हेतु अनुमोदित आउटले धनराशि रू0 60500.00 लाख के अन्तर्गत CAF Rules, 2018 के नियम–5 व 6 के अधीन प्रस्तावित कार्यों को पुनः व्यवस्थित (Re-arranged) किये जाने की दृष्टि से आवश्यक परिवर्तन किये जाने तथा Mandatory Works के अन्तर्गत अतिरिक्त कार्य सम्मिलित किये जाने हेतु प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश/अध्यक्ष, कार्यपालक समिति, उ0प्र0 कैम्पा को अधिकृत किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–4:–** **उ0प्र0 कैम्पा के वित्तीय वर्ष 2019–20 के आडिटेड वार्षिक लेखे का अनुमोदन प्रदान किया जाना।**

उ0प्र0 कैम्पा के वित्तीय वर्ष 2019–20 के आडिटेड वार्षिक लेखे का कार्यपालक समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–5:–** **उ0प्र0 कैम्पा एवं विभिन्न प्रभागों/कार्यालयों के बैंक खाते में अवशेष धनराशि को राज्य निधि में जमा कराये जाने से समिति को अवगत कराया जाना।**

समिति, उ0प्र0 कैम्पा एवं विभिन्न प्रभागों/कार्यालयों के बैंक खाते में अवशेष धनराशि को राज्य निधि में धनराशि रू0 36,45,75,284.00 जमा कराये जाने की कार्यवाही से अवगत हुयी।

**एजेण्डा बिन्दु–6:–** **सेवा प्रदाता संस्था से आउटसोर्सिंग कार्मिकों की आपूर्ति हेतु अनुबन्ध बढ़ाये से समिति को अवगत कराया जाना।**

समिति, चयनित सेवा प्रदाता संस्था मै0 के0जी0के0टी0 शिक्षा समिति, बरेली एवं उ0प्र0 प्रदेश के मध्य आउटसोर्सिंग कार्मिकों की आपूर्ति हेतु दिनॉक 01.12.2020 को किये गये अनुबन्ध को पूर्व में निर्धारित शर्तों के अधीन आगामी 06 माह बढ़ाये जाने की कार्यवाही से अवगत हुयी।

**एजेण्डा बिन्दु–7:–** **विभिन्न कार्यालयों द्वारा की गयी मांग के परिपेक्ष्य में उत्तर प्रदेश कैम्पा द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्मिकों को रखे जाने के सम्बन्ध में अनुमोदन प्रदान किया जाना।**

समिति, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश/अध्यक्ष, कार्यपालक समिति, उ0प्र0 कैम्पा के अनुमोदनोंपरान्त दो अदद कार्यालय सहायक (चतुर्थ श्रेणी) को तात्कालिक व्यवस्था के दृष्टिगत सेवायें लिये जाने के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही से अवगत हुयी।

अन्य एजेण्डा बिन्दु:–

1. **उ0प्र0 कैम्पा की वर्ष 2021–22 की वार्षिक प्रचालन योजना के अन्तर्गत अनुसंधान कार्यों हेतु अनुमोदित आउटले के अधीन कराये जाने वाले कार्यों के संशोधित प्रस्ताव से समिति को अवगत कराया जाना।**

समिति द्वारा उ0प्र0 कैम्पा की वर्ष 2021–22 की वार्षिक प्रचालन योजना के अन्तर्गत अनुसंधान कार्यों हेतु अनुमोदित आउटले के अधीन कराये जाने वाले कार्यों के संशोधित प्रस्ताव एवं तत्क्रम में अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनॉक 30.11.2021 को आहूत बैठक में दी गयी संस्तुतियों के अनुसार कार्य–कलाप कराये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

2. **कार्यालय सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय समिति, काष्ठ आधारित उद्योग, उ0प्र0 लखनऊ हेतु एक अदद जे0आर0एफ0 आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखे जाने के सम्बन्ध में।**

अपर प्रमुख वन संरक्षक/सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय समिति, काष्ठ आधारित उद्योग, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा अनुरोध किया गया कि विभिन्न विषयों के अध्ययन कराये जाने तथा परामर्श प्राप्त किये जाने हेतु उ0प्र0 कैम्पा के माध्यम से आउटसोर्सिंग पर एक अदद जे0आर0एफ0 उपलब्ध कराया जाये।

उक्त पर समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सुसंगत शासनादेशों में दी गयी व्यवस्था के अन्तर्गत उक्त मांग का परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही की जाये।

उक्त के अतिरिक्त समिति द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि उ0प्र0 कैम्पा से कराये जा रहे वृक्षारोपणों की सफलता निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0, लखनऊ के स्तर से स्थायी आदेश, जिसमें सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक द्वारा प्रत्येक 03 माह में कम से कम एक बार, सम्बन्धित वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक तथा मण्डलीय मुख्य वन संरक्षक द्वारा प्रत्येक 06 माह में कम से कम एक बार तथा जोनल मुख्य वन संरक्षक द्वारा प्रत्येक वर्ष में कम से कम एक बार निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि वृक्षारोपणों की सफलता निर्धारित मानकों के अनुरूप हो, निर्गत किया जाये।

अनुमोदित

बैठक धन्यवाद के साथ समाप्त हुई।

20/01

20/1

(संजय श्रीवास्तव)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी/सदस्य सचिव
कार्यपालक समिति, (उ0प्र0 कैम्पा), लखनऊ

प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0, लखनऊ

पत्रांक– 793 /2–37–2 (कार्यपालक समिति–07) दिनांक जनवरी: 20/01/ 2022

प्रतिलिपि– उपरोक्त बैठक का कार्यवृत्त निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, पर्यावरण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वित्त, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, नियोजन, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
4. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, ग्रामीण विकास, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
5. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, राजस्व, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
6. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, कृषि, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
7. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, जनजातीय विकास, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
8. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, पंचायती राज, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
9. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
10. प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0, लखनऊ।
11. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उ0प्र0, लखनऊ।
12. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, कानपुर।
13. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अनुश्रवण एवं कार्ययोजना, उ0प्र0, लखनऊ।
14. मुख्य वन संरक्षक, इकोडेवलेपमेंट, उ0प्र0, लखनऊ।
15. मुख्य वन संरक्षक, वन वर्धनिक, दक्षिणी क्षेत्र कानपुर।
16. मुख्य वन संरक्षक, संयुक्त वन प्रबन्ध, उ0प्र0, लखनऊ।
17. मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी (FCA), उ0प्र0, लखनऊ।
18. मुख्य वन संरक्षक, बुन्देलखण्ड जोन, झॉसी।
19. मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव पूर्वी, गोण्डा।
20. मुख्य वन संरक्षक, रूहेलखण्ड जोन, बरेली।
21. वित्त नियंत्रक, कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0, लखनऊ।
22. पर्यावरण शिक्षण केन्द्र (C.E.E), उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय, 83 बाल विहार कालोनी, पिकनिक स्पॉट रोड, फरीदी नगर, लखनऊ (गैर–सरकारी संगठन)।
23. टर्टल सर्वाइवल एलाएन्स (T.S.A) डी 1/317, सेक्टर एफ, जानकीपुरम, लखनऊ (गैर–सरकारी संगठन)।
24. श्री सुरेन्द्र कुमार वर्मा, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, चित्रकुट (जिला स्तर पंचायती राज संस्थान के प्रतिनिधि)।
25. श्री जागन सिंह, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, पीलीभीत (जिला स्तर पंचायती राज संस्थान के प्रतिनिधि)।
26. श्री धनीराम, ग्राम भुसहर ऊँचवा, पोस्ट परसरामपुर, रजेहना, तुलसीपुर, बलरामपुर (आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधि)।

20/1

(संजय श्रीवास्तव)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी/सदस्य सचिव
कार्यपालक समिति, (उ0प्र0 कैम्पा), लखनऊ

F:\Executive Committee\EC- 7th Meeting\Minutes.Docx

## प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष (वन बल के प्रमुख), उ0प्र0, लखनऊ की अध्यक्षता में उ0प्र0 कैम्पा कार्यपालक समिति की सातवीं बैठक दिनॉक 18.01.2022 में उपस्थित अधिकारियों की सूची

| क्रसं | अधिकारी का नाम/पदनाम | मो0नं0 | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | पवन कुमार शर्मा, PCCF, UP & PCCF, Wildlife | 9536044215 | |
| 2. | विजय बहादुर उपा० संयुक्त आयुक्त ग्राम्य विकास | 9454413164 | |
| 3. | संजय श्रीवास्तव | 9454323308 | |
| 4. | विनोद सिंह प्रतिनिधि पंचायती राज विभाग ए०पी०ओ० DD कोर्ट UP2PMC LKO | 9936988008 7007717359 | Email:- vinodsinghiit@gmail.c |
| 5. | डी०पी० सिंह संयुक्त आयुक्त मनरेगा | 9454464699 | |
| 6. | श्री घनीराम आदिवासी समुदाय प्रतिनिधि जनपद-बलरामपुर | 8009924126 | घनीराम |
| 7. | एस०पी० उपाध्याय विशेष सचिव राजस्व विभाग | 9415789551 | USSPU@gmail.Com |
| 8. | अजन्ता देवी, संयुक्त निदेशक, नियोजन विभाग | 9935867550 er.ajantha.jd@gmail.com | |
| 9. | अनुपम गुप्ता CCF Nodal | 9456246594 | |
| 10. | नीरज कुमार, CF, Eco-dev | 7839435037 | |
| 11. | Kamlesh Kumar, APCCF (Project Tiger) | 9415149792 | |
| 12. | सुजॉय बैनर्जी मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव पूर्वी जोन | 7839435039 | |
| 13. | P P Singh, CCF, Bundelkhand | 9452162054 | |
| 14. | L.K. VERMA, CCF Ruhelkhand | 7839435257 | |
| 15. | Prakhar Gupta DFO [illegible] | 7839435101 | |
| 16. | Prem Kumar Thakur Technical Officer, Agril. Deptt | 9198909997 (Premkumarthakur74@gmail.co | Prem |
| 17. | Neeraj Kr. Pal. Project Coordinator Centre for Env. Education CEE | 9450281900 neeraj.pal@ceeindia.org | Neeraj Pal |
| 18. | Dr. Priyanka Verma Dy. Director Tribal Development Dept UP LKO | 9389667550 | tddeuplko@gmail.co |
| 19. | Maya Pandey. Direc. Fin/F.C. | 8171224494 | |
| 20. | DR. R.D. Dwivedi, Ad.S.O. | 9451102277 | |
| 21. | | | |